



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 7 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com

CG Board Class 7th Social Studies Solutions

Chapter - 6
Subject - सामाजिक विज्ञान (भाग -2)
Chapter name - (प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्य जीवन)

Page No.-39, Block- 1, Chapter - 6
प्रश्न **1-** क्या आप बता सकते है, कि चढ़ाई के साथ सलीम है, कि चढ़ाई के साथ सलीमा ने प्राकृतिक वनस्पतियो में क्या परिवर्तन देखा ?हिमालय में गिरिपाद से लेकर ऊंचाई तक सलीमा ने किस प्रकार की वनस्पति देखी ?
उत्तर:- सलीमा ने देखा कि ऊँचाई के साथ जलवायु मे परिवर्तन हो जाता है वृक्षों की ऊंचाई बढ़ती जाती है। और पत्ते नुकीले व पतले हो जाते है, उसने देखा की सागौन के घने वन नहीं थे। बल्कि उनकी जगह ढलानों पर लम्बे व नुकीली पत्तियो वाले शंकुधारी वृक्षाये वहाँ की भूमि पर छोटे - छोटे घास थी व कही कही पर बर्फ भी पड़ी थी।

Page No.- 39, Block- 2 ,Chapter - 6
प्रश्न **1-** सलीम के तरह आप किसी नए स्थान पर जाते है तो वहां पायी जाने वाली विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों पर ध्यान दे एवं उन कारकों पर विचार करें जिनके कारण ये वनस्पतियां वहा पैदा हुयी ?
उत्तर:- हम लोग राजस्थान गए वहां पर ज्यादा तर वृक्ष छोटी पत्तियों के तथा झाड़िये के रूप में दिखाई दिए हमने पता किया तो समझ में आया कि वर्षा की कमी और पानी की कम उपलब्धता के कारण तथा जलवायु गर्म होने से वाष्प क्रिया कम हो जाती है। इसलिए इनकी पत्तिया छोटी व झाडिदार तथा कम उचाई के है।

Page No.- 39 , Block- 2 , Chapter - 6
प्रश्न **2-** वृक्ष की कटाई,चराई ,नकदी फसलों की खेती निर्माण कार्यो आदि के रूप में उस क्षेत्र में अगर कोई मानव हस्तक्षेप हुआ है तो उसे लिखें ।
उत्तर:- वृक्षों की कटाई चराई ,लगभग हर क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप में परिवर्तित हुआ है जहां वन थे वहां खेत हो गए। चराई के कारण घासो के मैदान समाप्त प्रायः है तथा शहरो और आबादी के बढ़ने से मानव द्वारा घरो तथा सड़को के निर्माण से इस क्षेत्र में भी भारी नुकसान हुआ है।

Page No.- 40, Block- , Chapter - 6
प्रश्न **1-** ब्राजील के उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन इतने विशाल है कि ये पृथ्वी के फेफड़ो के तरह प्रतीत होते है आप बता सकते है क्यों ?
उत्तर:- ब्राजील के उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन हमेशा हरे भरे रहते है तथा घने व ऊँचे तथा बहुत दूर क्षेत्रों में होने के कारण पृथ्वी के वातावरण के कार्बनडाइऑक्साइड सोख लेते है और पर्यात ऑक्सीजन उत्सर्जित करते है इसलिए इसे पृथ्वी का फेफड़ा कहते है।

Page No.- 41, Block- 1, Chapter - 6
प्रश्न **1:-** भारत में शीतोष्ण सदाबहार वन एवं पर्णपाती वन कहा पाए जाते है ?उन राज्यों के नाम लिखे।
उत्तर:- शीतोष्ण सदाबहार वन भारत के दक्षिण तमिलनाडु ,कर्नाटक व आंध्र प्रदेश के क्षेत्र में पाए जाते है शीतोष्ण पर्णपाती वन उत्तर भारत के इलाके में पाए जाते है।

Page No.- 41, Block- 1, Chapter - 6
प्रश्न **2 :-** भारत में अधिकतर किस प्रकार के वन पाए जाते है **?**
उत्तर:- भारत में अधिकतर उष्णकटिबंधीय वन पाए जाते है।

Page No.- 43 , Block- 1, Chapter - 6
प्रश्न **1 -** अपने आसपास नरम तथा दृढ काष्ठ से बनी वस्तुओं पर ध्यान दे।
उत्तर:- हमारे आस पास मेज ,कुर्सी व चौकी यह सब दृढ काष्ठ के बने है तथा बांस से बनी वस्तुएं भी जैसे हाथ का पंखा ,बांबकेन की कुर्सी व चटाईयाँ नरम काष्ठ से बनी है।

Page No.- 43, Block- 1, Chapter - 6
प्रश्न **2 -** आसपास के वृक्षों के नाम पता करें **?**
उत्तर:- हमारे घर के पास में गुलमोहर ,नीम ,आम अमरूद ,पीपल ,शीशम आदि है।

Page No.- 45, Chapter - 6
अभ्यास के प्रश्न-
प्रश्न **1 -** निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये **-**
(क) वनस्पतियों का विकास किन दो कारकों पर अधिकतर निर्भर करता है **?**
उत्तर:- वनस्पतिया का विकास जलवायु (तापमान)तथा मृदा(वर्षा) पर अधिक निर्भर करता है।

Page No.- 45, Chapter - 6
(ख)प्राकृतिक वनस्पतियों की तीन मुख्य श्रेणियाँ कौन **-**सी है **?**
उत्तर:- प्राकृतिक वनस्पतियों की मुख्य श्रेणियाँ है -(i)वन (ii)घास के मैदान (iii)काँटेदार झाड़ियाँ।

Page No.- 45, Chapter - 6
(ग)उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन के दो दृढ काष्ठ वाले पेड़ो के नाम बताए।
उत्तर:- उष्णकटिबंधीय सदाबहार वृक्ष महोगनी व आबनूस ।

Page No.- 45, Chapter - 6
(घ)विश्व के किस भाग में उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन पाए जाते है **?**
उत्तर:- उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन भारत ,उतरी ऑस्ट्रेलिया व मध्य अमेरिका के बड़े हिस्सों में पाए जाते है।

Page No.- 45, Chapter- 6
(च)नींबू **-** वंश **(**सिट्रस**)**के फल किस जलवायु में उगाए जाते है **?**
उत्तर:- नीबू के लिए गर्मी ,वर्षा एवं हल्की ठण्ड वाली जलवायु चाहिए।

Page No.- 45, Chapter- 6
(छ)शंकुधारी वन के कोई चार उपयोग बताए।
उत्तर :- शंकुधारी वन के चार उपयोग निम्नलिखित है :-
(1)अखबारी कागज के लिए कच्चा माल लुगदी बनाने के लीये लकड़ियों का उपयोग किया जाता है।
(2) नरम लकड़ी से बॉटल के कॉफी बनाये जाते है।
(3) नरम कष्ट का उपयोग माचिस की तीली एवं पैकिंग के लिए बक्से बनाने के लिए भी किया जाता है।
(4) घरेलु ईंधन के रूप में इनकी लकड़ियों का उपयोग किया जाता है।
(5) रजत लोमड़ी।,मिक ध्रुवीय भालू जैसे जानवरों के शरण स्थली के रूप में भी काम आते है।

Page No.- 45, Chapter- 6
(ज) विश्व के किन भागों में मौसमी घास स्थल पाए जाते है **?**
उत्तर:- शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में मौसमी घास स्थल पाए जाते है।

Page No.- 45,Chapter- 6
प्रश्न **2 -** सही **(✔)**उत्तर चिह्नित कीजिए **-**

(क)काई एवं लाइकेन पाए जाते है
(i) रेगिस्तानी वनस्पति में
(ii) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन में
(iii) टुंड्रा वनस्पति में
उत्तर:- टुंड्रा वनस्पति में

(ख) कांटेदार झाड़ियाँ मिलती है
(i) गर्म एवं आर्द्र **,** उष्णकटिबंधीय जलवायु में
(ii) गर्म एवं शुष्क **,** रेगिस्तान जलवायु में
(iii) ठंडी ध्रुवीय जलवायु में
उत्तर:- गर्म एवं शुष्क ,रेगिस्तान जलवायु में

(ग) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन का एक सामान्य जानवर
(i) बंदर
(ii) जिराफ
(iii) सागवान
उत्तर:- बंदर

(घ) शंकुधारी वन की एक महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजाति **:**
(i) रोजवुड
(ii) चीड़
(iii) सागवान
उत्तर:- चीड़

(च) स्टेपी घास स्थल पाए जाते है **:**
(i) दक्षिण अफ्रीका
(ii) ऑस्ट्रेलिया
(iii) मध्य एशिया
उत्तर:- मध्य एशिया

Page No.- 45, Chapter- 6
प्रश्न **3-** निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइये **-**

(क)वालरस	**(i)**नरम काष्ठ पेड़
(ख)देवदार का वृक्ष	**(ii)**उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन का एक जानवर
(ग)जैतून	**(iii)**एक ध्रुवीय जानवर

aglasem.com

घ)हाथी	**(iv)**ऑस्ट्रेलिया का शीतोष्ण घास स्थल
(च)कम्पोस	**(v)**कांटेदार झाड़ियाँ
(छ)डाउन	**(vi)**एक नींबुँ **-**वंश **(**सिट्रस**)**का फल
	(vii) ब्राजील के उष्णकटिबंधीय घास स्थल

उत्तर :-

(क)वालरस	(iii)एक ध्रुवीय जानवर
(ख)देवदार का वृक्ष	(ii)नरम काष्ठ पेड़
(ग)जैतून	(vi)एक नींबुँ -वंश (सिट्रस)का फल
घ)हाथी	(ii)उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन का एक जानवर
(च)कम्पोस	(vii) ब्राजील के उष्णकटिबंधीय घास स्थल
(छ)डाउन	(iv)ऑस्ट्रेलिया का शीतोष्ण घास स्थल

Page No.- 45, Chapter- 6
प्रश्न **4 -** कारण बताये **-**
(क) ध्रुवीय प्रदेशों में रहने वाले जानवरों की फर एवं त्वचा मोटी होती है।
उत्तर:- ध्रुवीय प्रदेशों में अत्यधिक ठण्ड व बर्फ के कारण प्राकृतिक रूप से बचाव के लिए उनकी त्वचा मोटी व फर लम्बे होते है।

(ख) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन ,शुष्क मौसम में अपनी पत्तियां गिरा देते है।
उत्तर:- उष्णकटिबंधीय पर्णपाती शुष्क मौसम में अपनी पत्तियां गिरा देते है ,ये वन मानसूनी जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते है। जहां मौसमी परिवर्तन होते रहते है। इन वनों में पाए जाने वाला वृक्ष जल संरक्षित रखने के लिए शुष्क मौसम में अपनी पत्तियां गिरा देते है।

(ग) वनस्पति के प्रकार एवं सघनता एक स्थान से दूसरे स्थान पर बदलती रहती है।
उत्तर:- ऊंचाई में परिवर्तन के साथ जलवायु में परिवर्तन होता है तथा इसके कारण प्राकृतिक वनस्पति में भी बदलाव आता है। जलवायु में निम्न परिवर्तन के कारण वनस्पति के प्रकार और सघनता में बदलाव आते है -
(1) विभिन्न स्थानों के तापमान में अंतर के कारण (2) विभिन्न स्थानों में विभिन्नता के कारण (3) भूमि की ढाल एवं मृदा की मोटाई में विभिन्नता के कारण।